# मातृ शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ रींगस।** मातृभूमि सेवा संस्थान जिला सीकर के तत्वावधान में रविवार को मातृ शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एड गोकुलचंद गोदारा ने की। मुख्य अतिथि राधे राम गोदारा (पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, अध्यक्ष, प्रदेश जाट महासभा राजस्थान) तथा विशिष्ट अतिथि महेंद्र शर्मा (पूर्व विशेषाधिकारी मुख्यमंत्री राजस्थान), शिवराम महला (पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी) अतिथि समाजसेवी किशोर दुल्हेपुरा, एडवोकेट प्रकाश बाजिया, प्रियंका वर्मा कविता बगड़िया, एड रामलाल यादव, एड नवनीत शर्मा मंचासीन रहे। समारोह को संबोधित करते हुए राधे राम गोदारा ने कहा कि मातृशक्ति के सामने कोई भी शक्ति नहीं टिक सकती। खंडेला में पीने के पानी की समस्या को लेकर मातृशक्ति



एकजुट होकर संघर्ष करें, तो सरकार को झुकना पड़ेगा। मैं जल संसाधन मंत्री राजस्थान सरकार से मिलकर खंडेला की पीने के पानी की समस्या से अवगत करवाऊंगा। खंडेला में आकर पता चला कि पीने के पानी की भयंकर समस्या बनी हुई है लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं माता/ बहने सबसे ज्यादा परेशान हैं। सरकार धन्यवाद दे रही है, लोग पानी मांग रहे हैं,अधिकारी मस्त हैं, जनता त्रस्त है। महेंद्र शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 5 मई2025 को खंडेला में होने वाले जल युद्ध में पूरा सहयोग करेंगे।पीने के पानी की समस्या को लेकर जयपुर में अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा। शिवराम महला ने खंडेला की माता /बहनों का दर्द सुनकर 15 दिन तक रोज एक टैंकर पानी देने की घोषणा की। इस जल युद्ध में माता/ बहनों का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए एडवोकेट गोकुल चंद्र गोदारा ने बताया कि खंडेला में पीने के पानी की समस्याए भयंकर बनी हुई है धरातलीय पानी खत्म हो चुका है। जो पानी बचा है। वह अम्लीय, फ्लोराइड तथा अन्य खनिज लवणों से युक्त होने के कारण पीने योग्य नहीं है।खंडेला में पीने की पानी की समस्या का एकमात्र समाधान सतही पानी है, जो कुंभाराम लिफ्ट नहर पेयजल परियोजना फेस टू से पाइपलाइन द्वारा लाया जाए। ताकि खंडेला की जनता को शुद्ध पीने का पानी मिल सके। 'खंडेला बचाओ! पानी लाओ'। अभियान जनवरी 2018 में चलाया गया था। तब कुंभाराम लिफ्ट नहर पेयजल परियोजना फेस टू की डीपीआर हेतु 3 करोड़ 25 लख रुपए तत्कालीन सरकार ने स्वीकृत किए थे।डीपीआर भी बन चुकी थी लेकिन आगे प्रकिया आज तक नहीं बढ़ सकी। सरकार खंडेला में पीने के पानी की समस्या के प्रति गंभीर नहीं है, ना ही यहां के जनप्रतिनिधि अपने वादों को पूरा करते हैं। हर बार खंडेला की जनता को पानी के नाम पर ठगा जाता है।लेकिन अब खंडेला की मातृशक्ति जाग चुकी है।खंडेला में पानी लाने के लिए एक बार फिर से 'खंडेला बचाओ! पानी लाओ'। अभियान के तहत मातृशक्ति के नेतृत्व में जल युद्ध की घोषणा करता हूं। 15 दिन में सरकार खंडेला के लिए कुंभाराम लिफ्ट नहर पेयजल परियोजना फेस टू की प्रकिया नहीं बधाई तो 5 मई 2025 को हजारों माता /बहनों के द्वारा उपखंड कार्यालय खंडेला पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जो एक ऐतिहासिक जल युद्ध होगा।

## गर्मी को देखते हुए शुरू किया शरबत पिलाने का कार्य

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** श्री साईं बाबा मंदिर मुंडवाड़ा द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राहगीरों को प्रचंड गर्मी को देखते हुए ठंडा शरबत पिलाने का कार्य शुरू किया गया है राहगीर ठंडा शरबत पीकर प्रसन्नता व्यक्त करते हैं और श्री साईं बाबा मंदिर एवं जल सेवा करने वाले श्री साईं बाबा युवा भक्त मंडल का आभार प्रकट करते हैं कि वह इस भीषण गर्मी में



बहुत ही सराहनीय कार्य मन्दिर द्वारा किया जा रहा है, संत श्री राधाकृष्ण जी महाराज ने कहा कि अन्न व जल की सेवा सबसे बड़ी सेवा बताई गई है इसी क्रम में पक्षियों और गौ सेवा में भी अन्न,जल की व्यवस्था करना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि इस प्रकार के पुनीत कार्यो को निरन्तर जारी रखें। ताकि भीषण गर्मी से लोगों को राहत प्रदान की जा सके आमजन को भी इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभाई चाहिए।

## संगीत सदन में शुरू होगा समर कैंप



### म्यूजिक-डांस सहित तरह की देंगे ट्रेनिंग

**मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी।** भारतीय संगीत सदन द्वारा हर वर्ष की भांति ग्रीष्मकालीन शिविर 2025 का आगाज स्वर्गीय उर्मिला देवी सत्यनारायण कनोई मुंबई के सौजन्य से 5 में 2025 से प्रारंभ होगा। संगीत सदन मीडिया प्रभारी प्रकाश दाधीच ने बताया कि इस शिविर में कुचामन शहर तथा आसपास के संगीत में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को गायन, वादन ढोलक, तबला, गिटार, कत्थक, लोक नृत्य, एवं वेस्टन नृत्य का प्रशिक्षण भी प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दो पारियों में दिया जाएगा। संगीत सदन के अध्यक्ष घनश्याम गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संयोजक मंडल के रूप में भानु प्रकाश ओडिचय, प्रभात प्रधान, सुनील माथुर, किशनलाल (निमोद वाले) मुकेश राजपुरोहित आदि अपनी निशुल्क सेवाएं देंगे। सचिव शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर में हर वर्ष लगभग 100 से ज्यादा छात्र-छात्राए भाग लेते हैं, जो 40 दिन तक संगीत की शिक्षा प्राप्त करते हैं इस महत्वपूर्ण कार्यकारिणी की मीटिंग में सत्यनारायण मोर, प्रदीप आचार्य, प्रकाश चंद टेलर, महेंद्र मिश्रा, विमल पारीक, प्रकाश दाधीच, असलम, रमेश चावला, आदि लोक उपस्थित थे।

## सीएम भजन लाल शर्मा आज आएंगे प्रेमपुरा

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 21 अप्रेल 2025 सोमवार को हेलीकॉप्टर द्वारा दोपहर 2.35 बजे चूरू से प्रस्थान कर अपराह्न 3.10 बजे हैलीपेड प्रेमपुरा (डांसरोली) तहसील दांतारामगढ़ पहुंचेंगे तथा अपराह्न 3.15 बजे हैलीपेड प्रेमपुरा से कार द्वारा प्रस्थान कर अपराह्न 3.20 बजे हिण्डाला फार्म हाउस ग्राम प्रेमपुरा पहुंचेंगे तथा अपराह्न 3.20 बजे से अपराह्न 4.20 बजे तक स्वर्गीय ईश्वर राम हिण्डाला की प्रतिमा अनावरण समारोह में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सायं 4.20 बजे प्रेमपुरा से कार द्वारा प्रस्थान कर अपराह्न 4.25 बजे हेलीपेड प्रेमपुरा पहुंचेंगे जहां से हेलीकॉप्टर द्वारा ग्राम चौरू तहसील फागी के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## राजस्थान पेंशनर मंच की मीटिंग आयोजित



**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** राजस्थान पेंशनर मंच की ओर से प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय धरना शहीद स्मारक जयपुर में 25 अप्रेल को प्रात: 11 बजे से 5 बजे तक दिया जाएगा। इस आशय का निर्णय मंच की रविवार को गोगामेड़ी रावणा राजपूत सभा भवन में आयोजित बैठक में लिया गया। मंच की ओर से उक्त धरना एवं प्रदर्शन केंद्रीय सरकार द्वारा 31 दिसंबर के पूर्व सेवानिवृत कर्मचारियों पेंशनर्स को 8 वे वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने के विरोध में रखा गया है। बैठक में बाबूलाल शर्मा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण पवार जिला मंत्री वीरेंद्र कुमार माथुर अध्यक्ष सागरमल चौधरी कोषाध्यक्ष उपखंड फतेहपुर अध्यक्ष मोहनलाल चौधरी अजीत सिंह गहलोत, बजरंग लाल शर्मा, अशोक कुमार माथुर, ओंकार मल वर्मा, कौशल रस्तोगी, भंवर सिंह, शंकर लाल सोनी, सज्जन सिंह शेखावत, बाबूलाल शर्मा, राधेश्याम मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपी राम जांगिड़ ने प्रदेश स्तरीय धरने एवं प्रदर्शन पर 25 अप्रैल को भाग लेने की अपील की गई है जिला मंत्री वीरेंद्र कुमार माथुर कोषाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी आदि मौजूद थे।

## विषाक्त के सेवन से युवक की मौत

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** गंगरार थाना क्षेत्र के सांवता में शनिवार को अज्ञात कारण के चलते एक युवक की विषाक्त सेवन से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अशोक पिता तुलसीराम रेगर निवासी सांवता थाना गंगरार ने अज्ञात कारणों के चलते शनिवार को अपने घर में विषाक्त सेवन कर लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मांगलिक श्रवण व धर्म चर्चा हुई

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** आचार्य भगवंत ललितप्रभ सागर म.सा. आदि ठाणा रविवार को रणकपुर मार्बल से विहार करते हुए प्रतापनगर कुम्भा नगर में सकल जैन समाज समिति द्वारा निर्माणाधीन वर्धमान भवन पर पधारे जहां पर ललित प्रभ सागर द्वारा मांगलिक श्रवण कराया गया तथा डॉ मुनि श्री शांति प्रिय द्वारा धर्म चर्चा की गई। इस अवसर पर बलवंत बाघमार, नरेन्द्र कुमार पोखरना, दिनेश पटवारी, अतुल सिसोदिया, मनोहरलाल दक, आरएल मारू, मनोहरलाल मेहता, सुरेश राठौड़, सुनील गांधी, सुरेंद्र दक, सुरेश गांधी, पारस जैन, अजीत ढीलीवाल, दिलीप नंदावत, सुधीर सुराणा, विनोद कांठेड, नितिन कुमार चपलोत, कल्पना मेहता, मोनिका कांठेड, ममता नंदावत, ममता कांठेड़, आशा पोखरना, शशि सुराणा, नेहा सुराणा, अर्चना, अनीशा, नितिशा चपलोत आदि श्रावक श्राविका उपस्थिति थीं।

## पक्षियों के लिये बांधे परिंडे

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** पूज्य सिंधी पंचायत विकास समिति व झुलेलाल युवा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान मे रविवार को प्रताप नगर स्थित शहीद हेमुं कालानी पार्क व आस पास के विभिन्न स्थानो पर पक्षियो के लिए परिण्डे लगाए। योगेश भोजवानी व राजेश तुलसानी ने बताया कि भीषण गर्मी में तापमान 45 डिग्री पर पहुच गया है तथा आने वाले समय में इसमें ओर बढोतरी की सम्भावना है। ऐसे



समय में बेजुबान पक्षियो को पानी के लिए भटकना पड़ता है। पूज्य सिंधी पंचायत व झुलेलाल युवा सेवा समिति के पदाधिकारियो व सदस्यो द्वारा शहीद हेमुं कालानी पार्क व आस पास के विभिन्न स्थानो पर 21 परिण्डे लगाकर उनमें लगातार पानी भरने की जिम्मेदारी भी तय की। इस अवसर पर कमल चंचलानी, विनोद फुलवानी, घनश्याम वंगानी, मनोज देवानी, महेश लोहानी, भावेश नानवानी, अजय आहूजा, अभिषेक आहूजा, जितेन्द्र वासवानी, नरेश नेभनानी, मन्नु रामचंदानी, प्रिंस आहूजा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## विकसित भारत के लिए समग्र प्रबंधन' पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की ओर से 21 और 22 अप्रैल को 'विजन 2047 : विकसित भारत के लिए समग्र प्रबंधन' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार सुबह 11 बजे एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक स्थित सेमिनार हॉल में होगा। शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि यह कार्यशाला 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए विभिन्न क्षेत्रों—जैसे शिक्षा, प्रशासन, नीति-निर्माण और उद्योग—के बीच समन्वय की दिशा में एक सशक्त मंच प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के विषय-विशेषज्ञों की सहभागिता से यह कार्यशाला विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री भारत सरकार के निजी सचिव, आईएएस अधिकारी आंद्रा वामसी होंगे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. नीतू जायसवाल, प्रमुख, इंस्टिट्यूशनल बिजनेस, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया, गुरुग्राम कार्यशाला में शामिल होंगी। मुख्य वक्ता के रूप में दो प्रतिष्ठित विद्वान—प्रो. (डॉ.) पवनेश कुमार, प्रबंधन अध्ययन संस्थान इग्नू, नई दिल्ली और प्रो. (डॉ.) अविनाश डी. पथर्डिकर, मानव संसाधन विकास विभाग, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उत्तर प्रदेश) अपना उद्बोधन देंगे।

## मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** राजस्थान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ की तरफ से आज विभाग के 27 आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों की परिवेदना के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया। संघ के प्रांतीय पी जी प्रतिनिधि डॉ सुरेश रॉयल ने बताया कि विभाग में लम्बे समय तक उल्लेखनीय सेवाएं देने के बाद भी 27 आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों की सेवा समाप्त किए जाने संबंधित आदेश अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है।

डॉ रॉयल ने मुख्यमंत्री से इस विषय में संज्ञान लेने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बारीकी से पूरा ज्ञापन पढ़ते हुए उचित कार्यवाही का भरोसा दिया। इस अवसर पर डॉ महेंद्र सौरठा, डॉ महेश इंद्रा, डॉ कैलाश शर्मा, डॉ सत्यनारायण शर्मा, डॉ जितेंद्र वर्मा भी उपस्थित रहे।

## सीएम भजनलाल ने किए चित्रकूट बालाजी धाम दर्शन

**मॉर्निंग न्यूज @ फतेहपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शेखावाटी दौरे के दौरान सीएम भजनलाल ने शनिवार देर रात चित्रकूट बालाजी धाम पहुंचे जंहा सीएम ने रात्रि विश्राम किया। सुबह उठकर मोर्निंग वॉक किया। रविवार को सुबह फतेहपुर के प्रसिद्ध चित्रकूट बालाजी धाम मन्दिर मे जहां मन्दिर के महंत धर्मदास बोचीवाल, विनोद बोंवाल, नन्दकिशोर बोचीवाल ने पुजा अर्चना करवाई जिसके बाद पुजारी परिवार के पुजारी रूपेश बोचीवाल, कार्तिक बोचीवाल ने बालाजी की फोटो देकर सीएम भजनलाल का स्वागत किया। पं गणेश पीपलवा व मुकेश जोशी ने मत्रोच्चार के



साथ करूणा महोदव का अभिषेक करवाया। रात्रि विश्राम अच्छी व्यवस्था के लिए सीएम ने विजटर बुक मे लिखकर साधूवाद दिया। इस दौरान मंत्री झाबर सिंह खर्रा, श्रवण बगड़ी, श्रवण चौधरी, अशोक बोचीवाल, रामवतार रूथंला, विकास भास्कर, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महापुरूषों की प्रतिमा की सफाई की

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** फिट चितौड़ क्लब सदस्यों द्वारा कलेक्ट्रेट चौराहे पर मीरा बाई की बारात, गांधी जी की दांडी यात्रा एवं गांधीजी की प्रतिमा के साथ ही पार्क की साफ सफाई की गई। सांसद जन सुनवाई केन्द्र के सामने पार्क व प्रतिमा स्थल से प्लास्टिक, गंदगी, सूखे पत्तो की साफ सफाई



करके परिसर को स्वच्छ किया। संरक्षक सांसद सी पी जोशी की पहल पर अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को महापुरुषों की प्रतिमाओ और पार्को की साफ सफाई का अभियान चलाकर सांसद जोशी के मार्गदर्शन में स्वच्छता के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान क्लब अध्यक्ष अनिल सिसोदिया, लोकेश त्रिपाठी, रघु शर्मा, गौरव त्यागी, परमजीत सिंह, मनोज पारीक, शिव प्रकाश मंत्री, धीरज सुखवाल, चेतन गौड़, शुभम सुखवाल, योगेश सारस्वत, राहुल कुमावत, प्रदीप गौड़, शांतनु काबरा, अभिषेक जोशी, घनश्याम लोट, श्यामलाल शर्मा, इन्द्रा सुखवाल, विदुषी बिल्लु, अल्का चतुर्वेदी, गायत्री जोशी, रमा शर्मा, दीपक शर्मा, अजय जोशी, राजमल सुखवाल, श्रवण क्षोत्रिय, हर्षवर्धन सिंह, ओम आमेरिया, संजय सुवालका, मनोज सुवालका, उमाशंकर दाधीच, रुस्तम खान, राजू नायक, अजय जोशी, पुष्पेंद्र ओझा आदि उपस्थित रहे।

# आकाश एजुकेशनल के आशीष ने जेईई मेन्स में ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की

### 14 अन्य छात्रों ने भी टॉप स्कोरर के रूप में सफलता हासिल की

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 (सेशन 2) में अपने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की घोषणा की है। संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, सीकर से एक छात्र ने देशभर में टॉप 10,000 रैंक में स्थान प्राप्त किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज, सीकर के छात्र आशीष ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन 2) में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 8524 प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के टॉप स्कोरर जेईई मेन्स 2025 (सेशन 2) में उत्कृष्ट



प्रदर्शन के बाद जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाई उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों में यतीश सोलंकी, भावना शर्मा, अमित यादव, भूमि कंवर, अंशुमान शर्मा, हेमंत कुमार, निशु, कृतिका, सोनू बजरोल्या, धीरेज जांगिड़, पलक शर्मा, सिया जाखड़, आनंद हाजरिका, और दिव्या चौधरी शामिल हैं। इन छात्रों की सफलता उनकी मेहनत, समर्पण और आकाश द्वारा प्रदान की गई गुणवत्ता-पूर्ण कोचिंग का प्रमाण है। ये परिणाम इस बात का प्रमाण हैं कि छात्रों ने भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में उत्कृष्टता के साथ सफलता प्राप्त की है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज परीक्षा परिणामों की घोषणा की, जिससे वर्ष के लिए जेईई का दूसरा और अंतिम सत्र संपन्न हुआ। इनमें से अधिकांश छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक आईआईटी-जेईई को क्रैक करना है।

छात्रों को बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर अखिलेश दीक्षित ने कहा, हमें जेईई मेन 2025 में हमारे छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है। उनकी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन ने इन शानदार परिणामों को संभव बनाया है। आकाश में हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर देते हैं, जिससे छात्र अपनी पूरी क्षमता प्राप्त कर सकें। सभी सफल छात्रों को बधाई और उनके आगामी सफर के लिए शुभकामनाएं। जेईई (मेन) को दो सत्रों में आयोजित किया जाता है, ताकि छात्रों को अपने स्कोर बेहतर करने के लिए कई अवसर मिलें। जहां जेईई एडवांस्ड का उद्देश्य विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश देना होता है, वहीं जेईई मेन देशभर के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश का द्वार है। जेईई एडवांस्ड में शामिल होने के लिए जेईई मेन में भाग लेना अनिवार्य है। एईएसएल को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के साथ-साथ एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित और प्रभावशाली प्रोग्राम्स के लिए जाना जाता है।